# विधानसभाध्यक्ष देवनानी सीने में दर्द की शिकायत के बाद पटना से जयपुर लौटे

- **सोमवार देर शाम उन्हें सवाई मानसिंह अस्पताल की मेडिकल आई.सी.यू. में भर्ती किया गया, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में उनका चैकअप किया जा रहा है।**

जयपुर/अजमेर, 20 जनवरी (का.सं.)। राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की सोमवार को बिहार के पटना में अचानक तबीयत बिगड़ गई। उन्हें विशेष विमान से जयपुर लाकर देर शाम सवाई मानसिंह अस्पताल की मेडिकल आईसीयू में भर्ती कराया गया है, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में उनका चैकअप किया जा रहा है। प्रोटोकॉल के अनुसार, देवनानी के इलाज के लिए पांच डॉक्टरों का मेडिकल बोर्ड बनाया गया है। यह बोर्ड लगातार राज्य सरकार को उनके स्वास्थ्य के बारे में अपडेट देता रहेगा।

गौरतलब है कि दो दिवसीय अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों की बैठक में भाग लेने के लिए वासुदेव देवनानी, राजस्थान विधानसभा के विशेष सचिव भारत भूषण शर्मा के साथ, रविवार को बिहार राज्य के पटना पहुंचे थे। सोमवार को पटना में आयोजित अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन के शुभारंभ के बाद, फोटोग्राफी सैशन के दौरान अचानक देवनानी की तबियत बिगड़ गई। उन्हें सीने में तेज दर्द की शिकायत के बाद, पी.एम.सी.एच. के इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी में भर्ती किया गया था। यहां उनकी हार्ट से जुड़ी जांचें की गईं। बताया जा रहा है कि डॉक्टर्स ने एंजियोग्राफी की सलाह दी थी, परंतु देवनानी ने पिछले साल ही एंजियोग्राफी करवाई थी, इसलिए उन्होंने एंजियोग्राफी से मना कर दिया।



*वासुदेव देवनानी*

आई.जी.आई.सी. के डॉक्टर्स के अनुसार, अस्पताल में ईसीजी, ट्रॉप-टी, इको, सिटी स्कैन की जांच नॉर्मल आई, ऐसे में हाइपर एसिडिटी का दर्द माना जा रहा है। देवनानी की जांच रिपोर्ट सामान्य आने के बाद, डॉक्टर्स ने राहत की सांस ली और इसकी सूचना तुरंत राजस्थान सरकार को भी दी गई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने भी पटना के अस्पताल पहुंचकर देवनानी की कुशलक्षेम पूछी।

यहां तबियत सामान्य होने और हालत ठीक होने के बाद, वासुदेव देवनानी अपना कार्यक्रम बीच में छोड़कर सोमवार शाम को विशेष विमान से रवाना होकर जयपुर पहुंच गए। उन्हें जयपुर लाने के लिए मुख्यमंत्री की पहल पर यहां से विशेष विमान भेजा गया था, जिसमें सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य और सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. दीपक माहेश्वरी के साथ, एसएमएस हॉस्पिटल के अतिरिक्त अधीक्षक डॉ. गिरधर गोयल और चिकित्सकों की टीम को भेजा गया था। सवाई मानसिंह अस्पताल के प्रिंसिपल और सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. दीपक माहेश्वरी ने बताया कि अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टर्स की टीम देवनानी का इलाज कर रही है । उन्हें एसिडिटी की समस्या हुई थी, लेकिन एहतियात के तौर पर, उनकी सम्पूर्ण जांच की जा रही है। डॉक्टर्स ने उन्हें कुछ दिन आराम करने की सलाह भी दी है।

## कल्हाडी घाट फोरेस्ट में दो नक्सली मारे गये

गरियाबंद, 20 जनवरी। छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा के पास कुल्हाड़ी घाट रिजर्व फॉरेस्ट में सोमवार की सुबह सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गये, जबकि एक जवान घायल हो गया। मुठभेड़ के दौरान, कोबरा बटालियन का एक जवान घायल हुआ है, जिसे हेलीकॉप्टर के जरिए रेस्क्यू कर लिया गया। घटनास्थल पर चलाए गए सर्च ऑपरेशन में भारी मात्रा में हथियार भी बरामद किए गए हैं।

गरियाबंद जिले के मैनपुर थाना क्षेत्र के इस इलाके में सुबह से ओडिशा और छत्तीसगढ़ के जवानों द्वारा संयुक्त सर्चिंग ऑपरेशन चलाया जा रहा है। मुठभेड़ में दो नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। घायल जवान को एयरलिफ्ट कर रायपुर ले जाया गया। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, इलाके की स्थिति को देखते हुए भाटीगढ़ स्टेडियम को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। पुलिस के बड़े अधिकारी भी मैनपुर पहुंच चुके हैं। सुरक्षा बलों के संयुक्त ऑपरेशन के दौरान जंगल में नक्सलियों को घेरने की कोशिश की गयी।

# 'राजस्थान में सरकार के विधायकों की सुनवाई नहीं हो रही'

## कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने पत्रकारों से कहा कि राजस्थान के साथ उनका संबंध और रिश्ता अटूट है



*उदयपुर में डबोक स्थित महाराणा प्रताप एयरपोर्ट पर पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट का समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया।*

- **पायलट ने राजसमन्द यात्रा के बाद कहा कि राज्य सरकार के स्कूल बंद करने और जिले खत्म करने के निर्णय नकारात्मक हैं।**

उदयपुर, 20 जनवरी (का.स.)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने सोमवार को राजसमन्द के एक दिवसीय प्रवास पर डबोक स्थित महाराणा प्रताप एयरपोर्ट पर, पत्रकारों के साथ मुलाक़ात में सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राजस्थान सरकार ने स्कूलों को बंद करने और जिले खत्म करने के जो फैसले लिए हैं, वे सब नकारात्मक निर्णय हैं। प्रदेश में अफसरशाही बहुत हावी है। सरकार में बहुत पावर सेक्टर बन गए हैं, सत्ता दल के जो विधायक है, वे भी दर-दर भटक रहे हैं। सरकार की जवाबदेही तय हो, इसके लिए हम विधानसभा में अपनी बात रखेंगे।

उन्होंने कहा कि सरकार को पारदर्शिता के साथ अपनी बात रखनी चाहिए। सदन में हर विषय पर चर्चा हो, सरकार अपने जवाब दे, हम हमेशा सदन चलाने के पक्ष में हैं। पायलट ने कहा कि अलग-अलग नेताओं को पार्टी जिम्मेदारी देती है। मुझे छत्तीसगढ़ की जिम्मेदारी दे रखी है, लेकिन राजस्थान के साथ मेरा संबंध और रिश्ता अटूट है। यहां के कार्यकर्ताओं और जनता के प्रति हमारे दिल में जो जगह है, उसे कोई कम नहीं कर सकता। आज हम विपक्ष में हैं लेकिन कार्यकर्ताओं को जहां जरूरत है, वहां हम जाते हैं। एक परिवार के रूप में हम काम कर रहे है, यही हमारी ताकत है। राजस्थान से चुनकर गया हूं। यहां सत्ता और विपक्ष में रहकर काम करने का मौका मिला है। यहां के लोग, जनता, कार्यकर्ता और यहां की मिट्टी के साथ मेरा जो संबंध है, वही मेरी सबसे बड़ी उपलब्धि है।

दिल्ली चुनाव को लेकर पायलट ने कहा, दिल्ली में चुनाव होने वाले हैं, जो सरकार है, उसको दिल्ली की जनता ने कई बार मौके दिए हैं। पिछले 10 से 12 सालों से केन्द्र और राज्य सरकार के वर्चस्व की लड़ाई में दिल्ली के लोग पिस रहे हैं। इसमें कांग्रेस पार्टी बेहतर विकल्प बनकर सामने आई है। दिल्ली में शीला दीक्षित की कांग्रेस सरकार थी, तब जो विकास हुआ, उसको जनता आज याद कर रही है।

पायलट बोले कि शीशमहल और राजमहल में कितना रुपया खर्च हुआ, इन चर्चाओं से हटकर कांग्रेस ने मजबूत ब्लू प्रिंट तैयार किया है। कांग्रेस मजबूती से लड़ेगी और परिणाम अच्छे आएंगे और कांग्रेस का परफॉरमैंस बेहतर रहेगा। इंडिया गठबंधन पर पूछे एक सवाल पर पायलट ने कहा, यह पहले भी मजबूत था और आज भी मजबूत है। देश में भाजपा को चुनौती देने के लिए नेशनल लेवल पर कोई दल है तो कांग्रेस पार्टी है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमले पर सचिन ने कहा कि हिंसा का राजनीति में कोई स्थान नहीं होना चाहिए, लेकिन जनता जवाब मांग रही है। जिनको केन्द्र और दिल्ली में सत्ता दी, वही भाजपा और आप पार्टी आरोप-प्रत्यारोप में फंस गई हैं। ट्रम्प के अमेरिका के राष्ट्रपति बनने पर पायलट ने कहा कि भारत और अमेरिका दोनों देशों के संबंध मजबूत रहेंगे और संबंध पहले से और बेहतर होंगे। इस दौरान कांग्रेस नेता रघुवीर सिंह मीणा भी मौजूद रहे।

एयरपोर्ट पहुंचने पर पायलट का मेवाड़ी पगड़ी, सूत की माला, तिरंगा ऊपरना पहना कर स्वागत किया गया। इस दौरान, विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष, एनएसयूआई, यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया।

## 'राजस्थान सरकार टैक्स...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

2024 में जीएसडीपी की वृद्धि दर 12.56 प्रतिशत दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य के पूंजीगत व्यय को भी 65.94 प्रतिशत बढ़ाया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना-2024 लाई गई है, जिससे प्रदेश के संतुलित एवं समावेशी विकास और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिलेगा। शर्मा ने कहा कि सरकार कृषि एवं कृषकों के सम्पूर्ण विकास के लिये प्रतिबद्ध है। सरकार द्वारा 66 लाख किसानों को किसान सम्मान निधि की अतिरिक्त किश्त 650 करोड़ रूपये की राशि सीधे बैंक खातों में स्थानान्तरित की गई।

शर्मा ने कहा कि कर केवल राजस्व संग्रह का माध्यम नहीं है, बल्कि यह प्रदेश के विकास का आधार है। कर से होने वाली आय का उपयोग अधिकतम जनकल्याणकारी कार्यों में हो, इसी सिद्धान्त को आत्मसात कर राज्य सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि करों के माध्यम से अर्जित राजस्व को शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे और सामाजिक कल्याण के क्षेत्रों में व्यय कर, विकास का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

इस अवसर पर, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड, उद्योग राज्य मंत्री के के विश्नोई, अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा आलोक, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव उद्योग अजिताभ शर्मा, प्रमुख शासन सचिव राजस्व दिनेश कुमार, प्रमुख शासन सचिव स्वायत्त शासन विभाग राजेश यादव एवं प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास वैभव गालरिया सहित, अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद थे।

## ट्रेनी डॉक्टर रेप मर्डर केस...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जाता रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि हत्या और बलात्कार से संबंधित लगभग सभी साक्ष्यों को हत्या के बाद के दिनों में, अधिकारिक संरक्षण में मिटा दिया गया।

आज भी, आरोपी संजय रॉय ने अदालत में रोते हुए कहा कि उसे फंसाया जा रहा है और जूनियर डॉक्टर की हत्या व रेप में उसका हाथ नहीं था।

राज्य के डॉक्टर उत्तेजित हैं, उनका कहना है कि यह असली आरोपियों को छुपाने का प्रयास है। आमतौर पर माना जाता है कि प्रारंभिक रिपोर्ट और यहाँ तक कि आंशिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत डॉक्टर पर व्यापक हमले और शरीर पर भयानक चोटों के संकेत मिले हैं, जो यह संकेत देते हैं कि यह एक अकेले व्यक्ति का काम नहीं था।

अभी से लोगों के छोटे-छोटे ग्रुप इकट्ठे होने शुरु हो गए हैं, न्यायिक व जांच प्रक्रिया को लेकर अपना विरोध प्रकट करने के लिए। आम आदमी का मानना है कि यह फैसला असली आरोपियों का खुलासा नहीं कर रहा है।

जूनियर डॉक्टर के परिवार ने भी फैसले पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि इसमें अनगिनत खामियाँ थीं तथा राज्य प्रशासन ने उन्हें मामले पर दूर रखा तथा मामले से निपटने में उनकी भावनाओं का आदर नहीं किया।

जूनियर डॉक्टर के परिवार वालों ने बार-बार कहा कि उनके भारी विरोध के बावजूद आनन-फानन में शव का दाहसंस्कार कर दिया गया तथा उन्हें उनकी बेटी के शव के पास नहीं जाने की अनुमति नहीं दी तथा शव को पुलिस संरक्षण में अस्पताल से जल्दबाजी में ले जाया गया।

कई राजनैतिक नेताओं और विपक्षी दलों ने राज्य सरकार पर मामले में लीपापोती करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा हैरानी की बात है कि एक भीड़ हत्या के बाद हॉस्पिटल में घुसी और घटनास्थल पर तोड़फोड़ मचा दी, यहां तक बाथरुम, जहां संभवतया आरोपियों ने हाथ धोए होंगे, को तोड़ दिया गया।

राज्य पुलिस का आचरण भी बेहद ढुलमुल था वह ना तो सबूत बचा पाई और ना ही निष्पक्ष जांच कर पाई। स्थानीय पुलिस थाने के प्रभारी को भी सी.बी.आई. ने गिरफ्तार किया है।

## अपना केस लड़ने ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सी.पी.ए. (फॉरेन करप्ट प्रैक्टिसेज़ एक्ट) के उल्लंघन के आरोप नहीं हैं, लेकिन यह जटिल केस अमेरिका की अदालत में चल रहा है।

गत 21 नवम्बर को, यू.एस. अधिकारियों ने गौतम अडानी तथा दो अन्य पर आरोप लगाया था कि उन्होंने सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एस.ई.सी.आई.) से सोलर एनर्जी अनुबंध हासिल करने के लिए भारत के सरकारी अधिकारियों को लगभग 250 मिलियन डॉलर की रिश्वत दी।

गौतम अडानी, सागर अडानी तथा अन्य अधिकारियों के खिलाफ यू.एस. सिक्यूरिटीज़ एण्ड एक्सचेंजन कमीशन और न्यूयॉर्क के ईस्टर्न डिस्ट्रिक्ट द्वारा दायर केस अमेरिका की एकल जज अदालत को सौंपा गया है।

# किसानों का दिल्ली कूच 26 जनवरी तक स्थगित

- **किसान मजदूर मोर्चा ने 14 फरवरी की केन्द्र सरकार की बैठक को पहले करने की मांग की।**
- **किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से भी अपना अनिश्चितकालीन अनशन समाप्त करने की अपील की।**

चंडीगढ़ , 20 जनवरी। किसान मजदूर मोर्चा ने केंद्र सरकार से प्रदर्शनकारी किसानों के साथ 14 फरवरी को प्रस्तावित बैठक जल्द आयोजित करने का सोमवार को आग्रह किया। साथ ही किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से भी अपना अनिश्चितकालीन अनशन समाप्त करने की अपील की। किसान मजदूर मोर्चा ने 101 किसानों के समूह के 21 जनवरी (मंगलवार) को दिल्ली कूच करने के कार्यक्रम को भी 26 जनवरी तक स्थगित करने की घोषणा की है।

यह संगठन संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) के साथ मिलकर पिछले 11 महीनों से खनौरी और शंभू बॉर्डर पर जारी किसानों के विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहा है। शनिवार को कृषि मंत्रालय में संयुक्त सचिव प्रिय रंजन के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय केंद्रीय प्रतिनिधिमंडल ने खनौरी सीमा स्थल पर डल्लेवाल और एसकेएम (गैर-राजनीतिक) एवं केएमएम के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। उन्हें 14 फरवरी को चंडीगढ़ में बातचीत फिर से शुरू करने के लिए आमंत्रित किया।

सोमवार को शंभू धरना स्थल पर मीडिया को संबोधित करते हुए केएमएम नेता सरवन सिंह पंढेर ने कहा कि किसानों के साथ बैठक के लिए जो तारीख (14 फरवरी) तय की गई है, उसमें काफी समय है। पंढेर ने कहा, 'सरकार ने बैठक आयोजित करने में बहुत समय लगा दिया। यह हमारी शर्त नहीं है, लेकिन हमारी मांग है कि बैठक जल्द हो और यह दिल्ली में हो।'

## 'सारी तैयारी ....

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का कहना है कि भारत एक देश है तो कानून भी एक ही होना चाहिए। गुजरात ने भी 2022 में यू सी सी के क्रियान्वयन के लिए एक कमेटी बनाई थी। केन्द्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला ने कहा था कि यू सी सी संविधान में प्रदत्त नागरिकों के मूल अधिकार नहीं छीनेगा। महाराष्ट्र, हरियाणा और गोवा भी यू सी सी के पक्ष में कदम उठा रहे हैं। कांग्रेस, वामपंथी दल, सपा, राजद आदि दल यू सी सी का विरोध कर रहे हैं। भाजपा, तेलुगूदेशम, शिवसेना व आप इसके पक्ष में हैं।

## 'फागी रोड पर ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

में मुहाना मोड से रिंग रोड तक की करीब सात किलोमीटर रोड को 200 फीट चौड़ी दर्शाया गया है। जेडीए की ओर से यहां सडक़ निर्माण के लिए कुछ जमीन को अवाप्त भी किया जा चुका है। वहीं, कई जगहों पर प्रभावशाली लोगों ने अतिक्रमण कर रखे हैं, लेकिन जेडीए ने उन पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत को बताया गया कि जेडीए की कार्रवाई को लेकर कुछ काश्तकारों ने स्टे ले रखा है, लेकिन उन काश्तकारों ने 200 फीट सडक़ निर्माण पर आपत्ति नहीं होने की अंडरटेकिंग दे रखी है। सुनवाई के दौरान, अदालती आदेश की पालना में जेडीए की ओर से तथ्यात्मक रिपोर्ट पेश की गई, जिसमें कहा गया कि करीब चार दर्जन खसरों पर स्टे लिया गया है और कई खसरों पर लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। इस पर अदालत ने कहा कि जब जेडीए स्वयं की अतिक्रमण होने की बात मान रहा है तो फिर उन पर कार्रवाई क्यों नहीं की गई। ऐसा कर क्या जेडीए स्वयं अतिक्रमण को बढावा देना चाहती है। इसके साथ ही, अदालत ने जेडीए सचिव को पेश होकर इस संबंध में अपना स्पष्टीकरण देने को कहा है।

## हाईकोर्ट के...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

खारिज कर दी है, लेकिन फिर भी हाईकोर्ट प्रशासन ने आदेश की पालना नहीं की है।

अवमानना याचिका में कहा कि हाईकोर्ट ने 14 फरवरी 2024 को एडीजे भर्ती की परीक्षा सेल को योग्य विधिवेत्ताओं व प्रोफेसरों की कमेटी बनाने का निर्देश दिया था। वहीं, कमेटी को कहा था कि वह हर पेपर की बीस कॉपियों को रेंडमली तौर पर परीक्षण कर मूल्यांकन करवाए और उनमें अंक दे। इसके अलावा, एडीजे भर्ती 2020 के खाली पदों को हाईकोर्ट की कार्रवाई के अधीन रखने के लिए कहा था। इसके बावजूद, हाईकोर्ट प्रशासन ने आदेश की पालना करने की बजाय इसे एसएलपी के जरिए सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी।

वहीं, सुप्रीम कोर्ट से एसएलपी खारिज होने पर भी हाईकोर्ट के आदेश की पालना नहीं हुई है।

## 'अमेरिका का स्वर्णिम युग आज से, ....

- **गल्फ ऑफ मैक्सिको का नाम बदल कर गल्फ ऑफ अमेरिका किया।**
- **कोविड आदेश के उल्लंघन के कारण निष्कासित कर्मचारियों को फिर से नौकरी मिलेगी और हर्जाना भी मिलेगा।**
- **अपने नागरिकों को समृद्ध बनाने के लिए दूसरे देशों पर टैक्स लगाने की घोषणा की।**

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कर दिया है। उन्होंने कहा कि मेक्सिको बॉर्डर पर भारी संख्या में अमेरिकी सेना को तैनात किया जाएगा।

डोनाल्ड ट्रंप ने अपने भाषण में कहा कि देश की चुनौतियों को समाप्त कर दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका कट्टरपंथी और भ्रष्ट प्रतिष्ठान पर विश्वास के संकट का सामना कर रहा है।

ट्रंप ने कहा कि पिछली सरकार ने हमारे देश में अवैध रूप से प्रवेश करने वाले खतरनाक अपराधियों को शरण और संरक्षण प्रदान किया है।

ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका जल्द ही पहले से कहीं अधिक महान, मजबूत और अधिक उत्कृष्ट होगा। उन्होंने कहा कि वह राष्ट्रपति पद पर आत्मविश्वास और आशावाद के साथ लौटे हैं। यह राष्ट्रीय सफलता के एक रोमांचक नए युग की शुरुआत है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि पूरी दुनिया पर सूर्य का प्रकाश फैल रहा है और अमेरिका के पास इस अवसर का लाभ उठाने का अभूतपूर्व अवसर है।

ट्रम्प ने अपने भाषण में अमेरिका के लिए अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा, हमारी संप्रभुता पुन: प्राप्त की जाएगी, हमारी सुरक्षा बहाल की जाएगी, न्याय के तराजू को पुन: संतुलित किया जाएगा।

ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी न्याय विभाग का क्रूर, हिंसक और अनुचित हथियारीकरण समाप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा, हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता एक ऐसे राष्ट्र का निर्माण करना होगी जो गौरवान्वित, समृद्ध और स्वतंत्र हो। ट्रम्प ने राष्ट्रपति के रूप में अपने भाषण की शुरुआत अपने साथी राष्ट्रपतियों और कार्यक्रम में उपस्थित अन्य लोगों को संबोधित करके की, जिनमें पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन भी शामिल रहे।

## दस लाख ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बल्कि असलियत में उन्होंने एक मिलियन डॉलर यानि, 8.65 करोड़ रुपए का टिकट खरीदा था, इस आयोजन में भाग लेने के लिए।

# कांग्रेस का नया मुख्यालय क्या प्रियंका गांधी ...

- **क्या एक राजनीतिक पार्टी का दफ्तर, एक ''कॉरपोरेट ऑफिस'' जैसे चल सकता है। पार्टी मुख्यालय में साधारण कार्यकर्ता बड़े-बड़े नेताओं से मिलकर, पार्टी का भावी कार्यक्रम व दिशा निर्धारण में कुछ सक्रिय भूमिका अदा कर सकता है। पर क्या कार्यकर्ता व पत्रकारों की अनुपस्थिति में पार्टी, जनता से कट नहीं जायेगी?**
- **कांग्रेस, मुख्यालय के संचालन आदि में भाजपा का अनुसरण तो कर रही है। पर, भाजपा एक ''कैडर बेस्ड'' पार्टी है, वहां यह कल्चर चल सकता है।**
- **पर, कांग्रेस एक आन्दोलन पर निर्भर रहने वाली पार्टी है, जहां कार्यकर्ता ही पार्टी की आत्मा है, ऐसे में, ''कॉरपोरेट स्टाईल'' कल्चर क्या चल पायेगा।**

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

परिसर में प्रवेश करने तथा नेताओं से मिलने में कठिनाई महसूस होगी। इसके उद्घाटन वाले दिन समारोह में कार्यकर्ता थे ही नहीं, यहां तक कि मीडिया को भी न तो आमंत्रित किया गया था, और न ही घुसने दिया गया था। बाद में पत्रकारों को प्रेस ब्रीफिंग तथा लंच के लिए बुलाया गया था। इससे पहले, जयराम रमेश ने उनसे हाथ जोड़कर माफी मांगी थी तथा यह स्पष्ट किया था कि यह निर्णय उनका नहीं था, बल्कि ऊपर के स्तर पर लिया गया था। लेकिन अगर मीडिया को प्रवेश की अनुमति दी भी जायेगी, तो पत्रकार ग्राउन्ड फ्लोर के अलावा ऊपर की मंजिलों तक नहीं जा सकेंगे, जहां महासचिव तथा अन्य पदाधिकारी बैठेंगे।

मूल रूप से, यह ''नो एन्ट्री ज़ोन'' है। यह एक अभिजात्य कॉर्पोरेट आफिस है, जहां मौजूदा राजनैतिक माहौल, पार्टी के संघर्ष तथा भविष्य की राजनीति को संभालने के तौर-तरीकों झलक और गंध तक महसूस नहीं होती।

दैनिक आधार पर कांग्रेस की कवरेज के लिए जाने वाले नियमित पत्रकारों को पास जारी किये जायेंगे। यह तरीका उन अनेक कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों पर लागू नहीं होगा, जो पार्टी मुख्यालय में प्राय: आते-जाते रहते हैं।

किसी राजनैतिक पार्टी का मुख्यालय उस पार्टी का हृदय और आत्मा हुआ करता है, जहां पार्टी के निर्णयों तथा निर्देशों पर चर्चा करने के लिए मीटिंग हुआ करती हैं और उसके बाद वे निर्णय एवं निर्देश देश के कोने-कोने तक पहुंचते हैं।

24 अकबर रोड मुख्यालय के एक वरिष्ठ कर्मचारी के अनुसार, नया मुख्यालय भवन कार्यकर्ताओं तथा जनता के साथ जुड़ाव के अभाव को प्रदर्शित करता है, क्योंकि कांग्रेस विभिन्न हतिधारक समूहों, जातियों और समुदायों की गतिविधियों का केन्द्र हुआ करती थी, तथा विविधतापूर्ण विचारों और जीवन-शैलियों को दर्शाया करती थी।

इस बात की ज्यादा संभावना दिखाई दे रही है कि पार्टी 24, अकबर रोड से ही संचालित होती रहेगी तथा नया परिसर प्रियंका गांधी के पास रहेगा, जहां वे अपना स्वयं राजनैतिक कार्यालय चलायेंगी।

आगामी दिनों में, इससे ज्यादा या इससे कम की संभावना दिखाई नहीं दे रही। प्रियंका गांधी जब से वायनाड चुनाव जीती हैं वे संगठन को चलाने तथा विभिन्न निर्णय लेने में काफी रुचि ले रही हैं। नये भवन के उद्घाटन समारोह से मीडिया को दूर रखने का निर्णय इन्हीं निर्णयों में से एक था, जबकि वे स्वयं ऐसी ए आई सी सी महासचिव हैं, जिनके पास कोई विभाग नहीं हैं।

यह तथ्य, कि कांग्रेस गांधी परिवार के इर्द-गिर्द ही घूमती एवं विकसित होती है, ''इंदिरा भवन'' नामक इस नये मुख्यालय परिसर के तौर-तरीकों से दिखाई दे रहा है।

ऐसा लगता है कि कांग्रेस गांधी परिवार के अलावा, अपना सब कुछ खो चुकी है। स्वतंत्रता आंदोलन का नेतृत्व करने वाली 140 साल पुरानी पार्टी के लिए यह कितनी दुखद स्थिति है। स्वतंत्रता संघर्ष का नेतृत्व करने वाली पार्टी आज सभी गलत बातों में भाजपा की नकल कर रही है।




राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908